करेंट अफेयर्स

उत्तर प्रदेश

(संग्रह)

अप्रैल 2025

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry: +91-87501-87501
Email: care@groupdrishti.in

अनुक्रम

उत्तर प्रदेश **4**

- एग्रीवोल्टेइक परियोजना 4
- उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन में 10 गुना वृद्धि 5
- टेककृति 2025 7
- अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस साँप 8
- भारत-नेपाल साहित्य महोत्सव 10
- राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप 12
- बलिया में कच्चे तेल की खोज 12
- मथुरा हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना 14
- इथेनॉल उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम राज्य बना 15
- सारनाथ मूर्तिकला शैली 18
- उत्तर प्रदेश में बाल मृत्यु दर 20
- अनंत नगर आवास योजना 21
- भारत रत्न पंडित रविशंकर जयंती 22
- उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग गोवा सरकार से सम्मानित 24
- उत्तर प्रदेश का पहला बायो-सीएनजी प्लांट 24
- उत्तर प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित सौर ऊर्जा दुकानें 25
- गरीबी उन्मूलन लक्ष्य 26
- ओडीओपी 2.0 नीति 27
- यूपी पुलिस पोर्टल को मिला स्कॉच पुरस्कार 29
- फल विकास और पादप हार्मोन 30
- वाराणसी में विकास परियोजनाएँ 30

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ➢ रोहिन बैराज 32
- ➢ सिस्टम फार प्रिर्वेटिंग थेफ्ट आफ व्हीकल 33
- ➢ इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 34
- ➢ जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम 34
- ➢ शहनाई को GI टैग मिला 35
- ➢ उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक फैक्ट्री पंजीकरण दर्ज 37
- ➢ पीएम कुसुम योजना में उत्तर प्रदेश अग्रणी 38
- ➢ कथक नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया का निधन 40
- ➢ खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 41
- ➢ मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल 42
- ➢ जीआई टैगिंग में उत्तर प्रदेश प्रथम 43
- ➢ एक केजीबीवी, एक खेल’ योजना 44
- ➢ लड़ाकू विमान राफेल और मिराज 46
- ➢ 15वीं हॉकी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 47
- ➢ पीएम सूर्य घर योजना 49
- ➢ NSE और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर 50
- ➢ नागरिक विवादों का अपराधीकरण 51
- ➢ लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ 52
- ➢ रेशम सखी योजना 53
- ➢ फोरेंसिक हैकाथॉन 2025 में IIT BHU को शीर्ष सम्मान प्राप्त 55
- ➢ BBAU को बायो-प्लास्टिक के उत्पादन के लिय पेटेंट मिला 57
- ➢ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 58
- ➢ उत्तर प्रदेश में इको-पर्यटन 58
- ➢ कान्हा गौशाला 60
- ➢ ताजमहल संरक्षण प्रयास 61
- ➢ हरित नगर निगम बॉण्ड 62
- ➢ उत्तर प्रदेश चमड़ा और फुटवियर नीति-2025 63
- ➢ भारत-नेपाल सीमा पर अतिक्रमण 64

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 ➢ SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस ➢ SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स ➢ SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप ➢ SCAN ME

नोट :

उत्तर प्रदेश

एग्रीवोल्टेइक परियोजना

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश '**एग्रीवोल्टेइक' परियोजना** को अपनाने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

मुख्य बिंदु

- **एग्रीवोल्टेइक प्रणाली**
  - एग्रीवोल्टाइक प्रणाली, जिसे कृषि-वोल्टीय प्रणाली या "सौर-खेती" भी कहा जाता है, एक नई तकनीक है जिसमें किसान अपनी फसलों के उत्पादन के साथ-साथ बिजली का उत्पादन भी कर सकते हैं।
  - इस प्रणाली में फोटो-वोल्टाइक (PV) तकनीक का उपयोग करके कृषि योग्य भूमि पर सौर पैनल स्थापित किये जाते हैं।
  - यह तकनीक पहली बार वर्ष 1981 में **एडॉल्फ गोएट्ज़बर्गर** और **आर्मिन ज़ास्ट्रो** द्वारा पेश की गई थी। 2004 में जापान में इसका प्रोटोटाइप विकसित किया गया और कई परीक्षणों के बाद 2022 में पूर्वी अफ्रीका में इसे लागू किया गया।
  - वर्तमान में भारत, अमेरिका, फ्राँस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों में इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है।
    - हालांकि, भारत में यह तकनीक अभी अपने प्रारंभिक चरण में है।
- **लाभ**
  - बढ़ती ऊर्जा की मांग और खाद्य सुरक्षा की समस्याओं का समाधान।
  - सौर पैनल से फसलों की वाष्पन दर कम और जल का बेहतर उपयोग।
  - सौर पैनल से फसलों को उच्च तापमान और UV किरणों से सुरक्षा।
  - सौर ऊर्जा से बिजली की लागत में कमी और किसानों की आय में वृद्धि।
  - बारिश का पानी सौर पैनल से एकत्र और सिंचाई के लिये उपयोग।
- **चुनौतियाँ**
  - यह एक भूमि-आधारित प्रणाली है, जिसमें प्रति मेगावाट उत्पादन के लिये लगभग दो हेक्टेयर ज़मीन की आवश्यकता होती है।
  - बरसाती मौसम में जब आकाश में बादल होते हैं, तब यह प्रणाली उतनी प्रभावी नहीं रहती है और किसानों को **वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों** पर निर्भर रहना पड़ता है।
  - सौर पैनल से उत्पन्न छाया कभी-कभी पौधों में पीड़क का कारण बन सकती है, जिससे फसलों पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **एडीबी से अनुदान:**
  - वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने "उत्तर प्रदेश में एग्रीवोल्टेइक परियोजनाओं का प्रदर्शन" शीर्षक वाले राज्य सरकार के तकनीकी सहायता प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
  - इसके तहत एशियाई विकास बैंक (ADB) से 0.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग ₹4.15 करोड़) की तकनीकी सहायता स्वीकृत हुई है।
  - उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसे ADB से इस प्रकार की आर्थिक सहायता मिली है।
- **महत्त्व**
  - इस परियोजना के तहत एक ही ज़मीन पर कृषि उत्पादन के साथ सौर ऊर्जा का भी उत्पादन होता है।
  - इससे किसानों को अतिरिक्त आय मिलेगी, ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा और सतत् विकास को बढ़ावा मिलेगा।
  - यह पहल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

एशियाई विकास बैंक क्या है?

- **परिचय:** ADB एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
  - ADB सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये **ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान एवं इक्विटी निवेश** प्रदान करके अपने सदस्यों तथा भागीदारों की सहायता करता है।
- **मुख्यालय:** मनीला, फिलीपींस
- **सदस्य:** वर्तमान में इसके 68 सदस्य हैं जिनमें से 49 एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के भीतर और 19 अन्य क्षेत्रों से हैं।
- **ADB और भारत:** भारत ADB का **संस्थापक** सदस्य और बैंक का **चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक** है।
  - **ADB की रणनीति** 2030 और **देश की साझेदारी रणनीति,** 2023-2027 के अनुरूप मज़बूत, जलवायु लचीले एवं समावेशी विकास के लिये भारत की प्राथमिकताओं का समर्थन करता है।

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन में 10 गुना वृद्धि

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषणा की कि पिछले 8 वर्षों में राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन में 10 गुना वृद्धि हुई है।

मुख्य बिंदु

- **मुद्दे के बारे में:**
  - उत्तर प्रदेश **नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA)** ने वर्तमान सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह जानकारी दी।
  - वर्ष 2017 में राज्य में सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता **288 मेगावाट** थी, जो 2025 में बढ़कर **2653 मेगावाट** हो गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **उत्तर प्रदेश के सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रयास:**
  - **सौर ऊर्जा नीति – 2022:**
    - 5 वर्षों में 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य।
    - यह नीति भविष्य में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से बनाई गई है।
  - **बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा पार्क:**
    - बुंदेलखंड क्षेत्र में 4,000 मेगावाट क्षमता का सौर पार्क विकसित किया जा रहा है।
    - चित्रकूट, बाँदा और अन्य क्षेत्रों में 800 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का विकास।
  - **रूफटॉप और फ्लोटिंग सोलर प्लांट:**
    - **508 मेगावाट सोलर रूफटॉप** परियोजनाएँ घरों की छतों पर स्थापित की जा चुकी हैं।
    - उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रदेशवासियों को सब्सिडी प्रदान की जा रही है।
    - सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश **तीसरे स्थान पर** है।
    - **औरया के दिबियापुर में प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट** लगाया गया है और ललितपुर में 1 गीगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

सौर ऊर्जा के बारे में

- सौर ऊर्जा, जिसे सूर्य से प्राप्त ऊर्जा के रूप में जाना जाता है, एक स्वच्छ और **अक्षय ऊर्जा** स्रोत है। यह सौर प्रौद्योगिकी के माध्यम से उपयोग की जाती है, जो मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है:
  - **सौर तापीय:** इसमें सूर्य की ऊष्मा का उपयोग पानी को गर्म करने के लिये किया जाता है।
  - **सौर फोटोवोल्टिक (पीवी):** इसमें सूर्य की किरणों को विद्युत ऊर्जा में बदलने के लिये फोटोवोल्टिक प्रभाव का उपयोग किया जाता है।
- **सौर ऊर्जा का उपयोग:**
  - सौर प्रौद्योगिकियाँ मापनीय और लचीली होती हैं, जो पूरे शहर को सौर फार्मों के माध्यम से बिजली प्रदान कर सकती हैं।
  - विकेंद्रीकृत प्रणालियों के द्वारा दूरदराज़ क्षेत्रों में भी बिजली की आपूर्ति की जा सकती है।
  - छतों पर सौर पैनल लगाकर घरों और वाणिज्यिक भवनों को ऊर्जा प्रदान की जा सकती है।
    - **उदाहरण:** कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एक ऐसा उदाहरण है जहाँ सौर ऊर्जा का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।
- **सौर ऊर्जा के महत्त्व:**
  - **जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता** में कमी।
  - **कार्बन उत्सर्जन** को कम करना।
  - वायु गुणवत्ता में सुधार।
  - **ऊर्जा तक पहुँच और सुरक्षा** को बढ़ावा देना।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण

- उत्तर प्रदेश सरकार ने अप्रैल 1983 में वैकल्पिक ऊर्जा विकास संस्थान की स्थापना की थी, जो एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में कार्यरत था।
- बाद में इस संस्था का नाम बदलकर **उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA)** रखा गया।
- यह अभिकरण प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये **स्टेट नोडल एजेंसी** के रूप में भी कार्य करता है।

टेककृति 2025

चर्चा में क्यों?

27 से 30 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के कानपुर में एशिया के सबसे बड़े अंतर-महाविद्यालय तकनीकी और उद्यमिता **महोत्सव 'टेककृति'** का आयोजन किया गया।

मुख्य बिंदु

- **संबोधन और थीम:**
  - **इस उत्सव का** उद्घाटन CDS **जनरल अनिल चौहान** द्वारा किया गया।
  - उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की उन्नति और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा भविष्य के युद्धों की चुनौती के रूप में साइबर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम टेक्नोलॉजी और संज्ञानात्मक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया।
  - इस वर्ष के महोत्सव का विषय था **"पंता रेई"** (सब कुछ प्रवाहित होता है)।
- **रक्षककृति: रक्षा एक्सपो**
  - एक विशेष रक्षा प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें भविष्य की सैन्य तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
  - इस प्रदर्शनी में AI-आधारित युद्ध प्रणालियाँ, स्वायत्त ड्रोन और स्वदेशी रक्षा नवाचारों को प्रस्तुत किया गया।
  - 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाने और विदेशी रक्षा निर्भरता को कम करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुनः उजागर किया गया।
- **टेककृति महोत्सव**
  - यह **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान** (IIT) कानपुर का वार्षिक तकनीकी और उद्यमशीलता महोत्सव है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1995 में हुई थी।
  - इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को **विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार** के क्षेत्र में प्रेरित करना है, ताकि वे नई सोच और विचारधारा के साथ आगे बढ़ सकें।
  - वर्ष 2000 में, महोत्सव में स्टार्टअप्स, उद्यमशीलता और कार्यशालाओं को भी शामिल किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह महोत्सव एक व्यापक और विविधतापूर्ण तकनीकी उत्सव बन गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

- **परिचय:**
  - AI का आशय **कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट के ऐसे कार्य करने की क्षमता से है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किये जाते हैं** क्योंकि ऐसे कार्यों के निष्पादन हेतु मानव बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है।
    - हालाँकि **अभी ऐसी कोई AI प्रणाली नहीं है, जो एक सामान्य मानव द्वारा किये जा सकने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यों को कर सके,** हालाँकि कुछ AI मनुष्यों द्वारा किये जाने वाले कुछ विशिष्ट कार्यों को करने में सक्षम हो सकते हैं।
- **विशेषताएँ और घटक:**
  - डीप लर्निंग (DL) तकनीक बड़ी मात्रा में असंरचित डाटा जैसे- टेक्स्ट, चित्र या वीडियो के माध्यम से **ऑटोमेटिक लर्निंग को सक्षम** बनाती है।
    - कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आदर्श विशेषता इसकी युक्तिसंगत कार्रवाई करने की क्षमता है जिसमें एक विशिष्ट लक्ष्य प्राप्त किया जाता है। **मशीन लर्निंग (ML)**, AI का ही एक प्रकार है।

AI के प्रकार:

क्षमताओं के आधार पर	विवरण
दुर्बल Al या संकीर्ण Al	इस Al को शतरंज खेलने, चेहरे पहचानने या सिफ़ारिशें करने जैसे विशिष्ट कार्यों के लिये डिज़ाइन किया गया है। उदाहरणों में सिरी, वॉटसन, AlphaGo शामिल हैं।
जनरल Al	तर्कशक्ति, लर्निंग और प्लानिंग सहित किसी भी बौद्धिक कार्य को करने की क्षमता जो मनुष्य कर सकता है। कोई मौजूदा उदाहरण नहीं है, लेकिन शोधकर्त्ता इस पर कार्य कर रहे हैं।
सुपर Al	काल्पनिक Al जो मानव बुद्धि से बढ़कर है, रचनात्मकता, आत्म-जागरूकता और भावना जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले कार्यों में उत्कृष्ट है। कोई वर्तमान उदाहरण नहीं, केवल भविष्य की संभावनाएँ।

अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस साँप

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश के दुधवा टाइगर रिज़र्व में एक दुर्लभ साँप, **अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस (लंबी थूथन वाला बेल साँप)** खोजा गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

मुख्य बिंदु

- **साँप के बारे में:**
  - इसकी खोज दुधवा टाइगर रिज़र्व के पलिया डिवीजन में **गैंडों** के शिफ्टिंग अभियान के दौरान की गई थी।
  - इससे पहले यह साँप केवल बिहार के पश्चिमी चंपारण में वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के जंगलों में पाया गया था।

- **विशेषताएँ:**
  - इसका शरीर लंबा, पतला और हरा या भूरा रंग का होता है, जो इसे अन्य साँपों से अलग करता है।
  - इसकी लंबी नाक (रोस्ट्रल) भी इसकी पहचान का एक प्रमुख संकेत है।
  - यह मुख्य रूप से पेड़ों पर रहता है और आसानी से शाखाओं तथा पत्तियों के बीच छिप सकता है।
  - यह हल्का जहरीला होता है, जिसका जहर इंसान के लिये अधिक खतरनाक नहीं होता।
  - परिवार: **कोलुब्रिडे**

दुधवा टाइगर रिज़र्व के बारे में

- यह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी ज़िले में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में सबसे अच्छे प्राकृतिक जंगलों और घास के मैदानों का प्रतिनिधित्व करता है।
- यह रिज़र्व अपनी समृद्ध जैवविविधता के लिये जाना जाता है, जिसमें बंगाल टाइगर, भारतीय गैंडा, दलदली हिरण, तेंदुआ और पक्षियों की कई प्रजातियाँ सहित विभिन्न प्रकार की वनस्पतियाँ और जीव हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **इस तराई आर्क लैंडस्केप (TAL) के अंतर्गत तीन महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र शामिल हैं:**
  - दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
  - किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य
  - कतर्निया घाट वन्यजीव अभयारण्य
- तीनों संरक्षित क्षेत्रों को राज्य में रॉयल बंगाल टाइगर के अंतिम व्यवहार्य घर होने के नाते प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger) के तहत दुधवा टाइगर रिज़र्व के रूप में संयुक्त रूप से गठित किया गया है।
- दुधवा नेशनल पार्क और किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य को वर्ष 1987 में तथा कतर्निया वन्यजीव अभयारण्य को वर्ष 2000 में दुधवा टाइगर रिज़र्व में शामिल किया गया था।

भारत-नेपाल साहित्य महोत्सव

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के वृंदावन (मथुरा) में तीन दिवसीय **भारत-नेपाल साहित्य महोत्सव** का आयोजन किया गया।

मुख्य बिंदु

- **उत्सव के बारे में:**
  - यह आयोजन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सहायक संस्था गीता शोध संस्थान और क्रांति धरा साहित्य अकादमी, मेरठ द्वारा आयोजित किया गया।
  - इस महोत्सव में भारत और नेपाल के 180 से अधिक साहित्यकार, लेखक, पत्रकार और शिक्षाविद् शामिल हुए।
  - इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित और संवर्द्धित करना था।
- **महत्त्व:**
  - साहित्य और संस्कृति के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिला।
  - भारत और नेपाल के साहित्यकारों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिला।
  - पारंपरिक और समकालीन साहित्य को एक नई दिशा मिली।

भारत -नेपाल संबंध

- पड़ोसी के रूप में **भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अनूठे संबंधों को साझा करते** हैं, जिसकी विशेषता **एक खुली सीमा,** दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तेदारी तथा मज़बूत सांस्कृतिक संबंध है।
- **नेपाल के व्यापारिक व्यापार में** लगभग **दो-तिहाई तथा सेवाओं के व्यापार में लगभग एक-तिहाई योगदान** भारत का है।
- बटालियन स्तर पर संयुक्त सैन्य अभ्यास, '**सूर्य किरण**', भारत तथा नेपाल दोनों देशों में क्रमिक आधार आयोजित किया जाता है।
- भारत तराई क्षेत्र में 10 **सड़कों को उन्नत करके, जोगबनी-विराटनगर** तथा **जयनगर-बर्दीबास** में सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करके एवं **बीरगंज, विराटनगर, भैरहवा व नेपालगंज** जैसे प्रमुख स्थानों पर एकीकृत चेक पोस्ट स्थापित करके नेपाल की मुख्य रूप से सहायता की।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- भारत ने काठमांडू-वाराणसी, लुंबिनी-बोधगया और जनकपुर-अयोध्या को जोड़ने के लिये **तीन सिस्टर-सिटी समझौतों पर हस्ताक्षर** किये हैं।



दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश ने **47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप** जीती।

मुख्य बिंदु

- **चैंपियनशिप के बारे में:**
  - उत्तर प्रदेश ने **पहली बार** इस चैंपियनशिप का खिताब जीता।
  - फाइनल में उत्तर पदेश ने **हिमाचल प्रदेश को हराया**।
  - इस चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 30 मार्च, 2025 तक लखनऊ **स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में** हुआ।
  - यह उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित की गई।
- **हैंडबॉल**
  - यह एक इनडोर गेम है, जिसमें दो टीमें होती हैं और प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी होते हैं।
  - हैंडबॉल की शुरुआत 19वीं शताब्दी के अंत में **स्कैंडिनेविया** और **जर्मनी** में हुई थी।
  - पहले यह एक आउटडोर खेल था और 'फील्ड हैंडबॉल' के नाम से जाना जाता था। बाद में, स्वीडन में जी. वॉलस्ट्रॉम ने वर्ष 1910 में इनडोर हैंडबॉल की शुरुआत की।
  - वर्ष 1938 और 1966 के बीच, हैंडबॉल के दोनों प्रारूपों के लिये अलग-अलग विश्व चैंपियनशिप का आयोजन हुआ, लेकिन वर्ष 1967 के बाद से केवल इनडोर हैंडबॉल की विश्व चैंपियनशिप आयोजित की जाने लगी।
  - हैंडबॉल को ओलंपिक में वर्ष 1936 में बर्लिन में केवल एक बार प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया था, जबकि म्यूनिख में वर्ष 1972 में इसे ओलंपिक खेल के रूप में आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। महिला हैंडबॉल को ओलंपिक में वर्ष 1976 में शामिल किया गया।

बलिया में कच्चे तेल की खोज

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश के गंगा बेसिन में स्थित बलिया ज़िले के सागरपाली गाँव में **तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC)** ने 3,000 मीटर की गहराई पर कच्चे तेल के विशाल भंडार की खोज की।

मुख्य बिंदु

- इससे न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी, बल्कि अरब देशों पर निर्भरता भी कम हो जाएगी।
- यह भंडार कई दशकों तक भारत को आवश्यक ईंधन उपलब्ध कराएगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इस तेल भंडार का विस्तार बलिया के सागरपाली से लेकर प्रयागराज के फाफामऊ तक 300 किमी के क्षेत्र में फैला हुआ है।
- भारत में कच्चे तेल का उत्पादन करने वाले प्रमुख राज्य **राजस्थान** (21.82%), गुजरात (13.53%), असम (12.50%), तमिलनाडु (1.15%), आंध्र प्रदेश (0.87%) और अरुणाचल प्रदेश (0.13%) हैं।

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम(ONGC)

- यह भारत सरकार का एक **महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU)** है।
- इसकी **स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी** तथा यह **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय** के अधीन है।
- यह भारत की सबसे बड़ी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस कंपनी है, जो **भारतीय घरेलू उत्पादन में लगभग 70% योगदान देती है।**

गंगा बेसिन

- गंगा की जलधारा जिसे '**भागीरथी**' कहा जाता है, **गंगोत्री ग्लेशियर से पोषित होती है** और उत्तराखंड के देवप्रयाग में अलकनंदा से मिलती है।
- हरिद्वार में **गंगा पहाड़ों से निकलकर मैदानी इलाकों** की ओर आती है।
- गंगा में हिमालय से कई सहायक नदियाँ मिलती हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख नदियाँ हैं जैसे कि यमुना, घाघरा, गंडक और कोसी।



दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

मथुरा हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या और काशी के बाद अब **मथुरा में** हेरिटेज कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु

- **कॉरिडोर के बारे में:**
  - इसका मुख्य उद्देश्य **पर्यटन** को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है।
  - इसके लिये यमुना एक्सप्रेसवे से बांके बिहारी मंदिर को जोड़ने के लिये 6 किमी. लंबा मिनी लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा, जिससे मथुरा और उसके आसपास के क्षेत्रों में यात्रा अधिक सुगम और सुलभ होगी।
  - कॉरिडोर में कन्वेशन सेंटर, कला संस्थान, योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, अस्पताल, रिसॉर्ट तथा इलेक्ट्रिक बस डिपो जैसे महत्त्वपूर्ण निर्माण होंगे।
  - यह मथुरा को न केवल आध्यात्मिक स्थल के रूप में, बल्कि सांस्कृतिक और स्वास्थ्य पर्यटन के लिये भी प्रमुख केंद्र बनाने सहायक होगा।

मथुरा के बारे में

- **परिचय:**
  - मथुरा ज़िला, जो आगरा मंडल में स्थित है, यमुना नदी के किनारे बसा हुआ है।
  - इस ज़िले की सीमाएँ उत्तर-पूर्व में अलीगढ़, दक्षिण-पूर्व में हाथरस, दक्षिण में आगरा, पश्चिम में राजस्थान और उत्तर-पश्चिम में हरियाणा से मिलती हैं।
  - मथुरा एक प्रमुख हिंदू तीर्थ स्थल है और इसे भगवान कृष्ण का जन्मस्थान और गृहनगर माना जाता है।
- **इतिहास:**
  - मथुरा का सबसे पुराना उल्लेख भारतीय महाकाव्य रामायण में है। इसमें मथुरा को मधुपुर या मधुदानव का नगर कहा गया है तथा यहाँ लवणासुर की राजधानी बताई गई है।
  - छठी शताब्दी ईसा पूर्व में मथुरा **शूरसेन साम्राज्य** की राजधानी बन गई।
  - तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मेगस्थनीज ने मथुरा का उल्लेख **"मेथोरा"** नाम से किया था।
  - कुषाणों ने मथुरा को अपनी राजधानी बनाया। कुषाण साम्राज्य के तहत मथुरा में कला और संस्कृति का उत्कर्ष हुआ।
- **मथुरा रिफाइनरी**
  - यह इंडियनऑयल की छठी रिफाइनरी है, जिसे 1982 में 6.0 MMTPA क्षमता के साथ देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये शुरू किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान:** मखदूम, मथुरा में स्थित है।
- **एक ज़िला एक उत्पाद:** सैनिटरी फिटिंग
- **दर्शनीय स्थल**
    - मथुरा संग्रहालय
    - कृष्ण जन्म भूमि
    - द्वारकाधीश मंदिर
    - बाँकेबिहारी मंदिर
    - गोवर्धन

इथेनॉल उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम राज्य बना

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश ने इथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में देश में **शीर्ष स्थान** प्राप्त किया है। पिछले आठ वर्षों में राज्य ने अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 2 बिलियन लीटर प्रति वर्ष कर दिया है और भविष्य में इसे 2.5 बिलियन लीटर प्रति वर्ष तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य बिंदु

- **लाभ:**
    - इथेनॉल उत्पादन की बढ़ोतरी ने गन्ना किसानों को बेहतर मूल्य और आय में वृद्धि हुई है।
    - इथेनॉल उत्पादन से प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना हो रही है, जिससे हज़ारों लोगों को रोज़गार मिल रहा है। इससे ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियाँ तेज़ हो रही हैं।
    - इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने से पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी। साथ ही, वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो एमिशन) का लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी।
    - **गोंडा ज़िले** में **एशिया का सबसे बड़ा इथेनॉल प्लांट स्थापित** किया गया है और **गोरखपुर की पिपराइच चीनी मिल** में भी इथेनॉल उत्पादन संयंत्र स्थापित किया गया है।
- **बायोफ्यूल नीति-2022:**
    - राज्य सरकार इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (EBP) को बढ़ावा देने के लिये एक सुनियोजित बायोफ्यूल नीति-2022 तैयार की। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है।
    - यह नीति राज्य को जैव ईंधन के प्रमुख हब में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

इथेनॉल के बारे में

- **परिचय:**
  - इथेनॉल, जिसे एथिल एल्कोहल के नाम से भी जाना जाता है, एक जैव ईंधन है जो विभिन्न स्रोतों जैसे गन्ना, मक्का, **चावल,** गेहूँ एवं **बायोमास** से उत्पादित होता है।
  - गुड़, चीनी निर्माण का एक उपोत्पाद है, जो आमतौर पर **इथेनॉल (निर्जल एल्कोहल)** तथा **रेक्टिफाइड स्पिरिट** के उत्पादन का मुख्य स्रोत है। **गुड़ को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत** किया जा सकता है:
    - **A श्रेणी गुड़:** प्रारंभिक **शर्करा क्रिस्टल निष्कर्षण से प्राप्त एक मध्यवर्ती उपोत्पाद**, जिसमें **80-85% शुष्क पदार्थ (DM)** होता है।
    - **B श्रेणी गुड़:** A श्रेणी गुड़ के समान DM सामग्री लेकिन कम चीनी के साथ ही कोई स्वत: क्रिस्टलीकरण नहीं होता है।
    - **C श्रेणी गुड़ (ब्लैकस्ट्रैप गुड़, ट्रेकल): चीनी प्रसंस्करण का अंतिम उप-उत्पाद**, जिसमें विशेष मात्रा में **सुक्रोज़ (लगभग 32% से 42%)** होता है। यह **क्रिस्टलीकृत नहीं** होता है और इसका उपयोग तरल या सूखे रूप में एक वाणिज्यिक फीड घटक के रूप में किया जाता है।
  - उत्पादन प्रक्रिया में खमीर द्वारा **शर्करा का किण्वन** अथवा एथिलीन हाइड्रेशन जैसी पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से किण्वन शामिल है।
  - **इथेनॉल 99.9% शुद्ध एल्कोहल** है जिसे **स्वच्छ ईंधन विकल्प बनाने के लिये पेट्रोल के साथ मिश्रित** किया जा सकता है।
- **इथेनॉल के गुण:**
  - इथेनॉल एक **स्वच्छ, रंगहीन तरल** है जिसमें शराब जैसी गंध एवं तीक्ष्ण स्वाद होता है।
  - यह **जल एवं अधिकांश कार्बनिक विलायकों में पूर्णत: घुलनशील** है।
  - अपने शुद्ध रूप में इसका क्वथनांक 78.37 डिग्री सेल्सियस और गलनांक -114.14 डिग्री सेल्सियस होता है।
  - इथेनॉल **एक ज्वलनशील पदार्थ** है और इसका दहन तापमान गैसोलीन की तुलना में कम होता है।
- **इथेनॉल के अनुप्रयोग:**
  - **पेय पदार्थ:** इथेनॉल एक प्रकार का अल्कोहल है जो मादक पेय पदार्थों में पाया जाता है। इसका सेवन **बीयर, वाइन एवं स्पिरिट** जैसे विभिन्न रूपों में किया जाता है।
  - **औद्योगिक विलायक:** विभिन्न प्रकार के पदार्थों में विलय होने की अपनी क्षमता के कारण, इथेनॉल का उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, इत्र तथा अन्य उत्पादों के निर्माण में **विलायक के रूप में** किया जाता है।
  - **चिकित्सा एवं प्रयोगशाला उपयोग:** इथेनॉल का उपयोग चिकित्सा एवं प्रयोगशाला में **एंटीसेप्टिक, कीटाणुनाशक** तथा **परिरक्षक** के रूप में किया जाता है।
  - **रासायनिक फीडस्टॉक:** यह **विभिन्न रसायनों के उत्पादन के लिये फीडस्टॉक** के रूप में कार्य करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **ईंधन:** इसका उपयोग **जैव ईंधन के रूप में** किया जाता है और साथ ही इथेनॉल-मिश्रित ईंधन का उत्पादन करने के लिये इसे प्राय: गैसोलीन के साथ मिलाया जाता है।

ईंधन के रूप में इथेनॉल

Drishti IAS

इथेनॉल
- प्रमुख जैव ईंधन।
- इसे एथिल अल्कोहल (C_2H_5OH) भी कहा जाता है।

उत्पादन
- **प्राकृतिक रूप से चीनी** (अथवा मक्का, चावल आदि) **के किण्वन द्वारा**
- **पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं** द्वारा (एथिलीन हाइड्रेशन)

गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्त्व के संदर्भ में जन-जागरूकता हेतु 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस मनाया जाता है।



इथेनॉल सम्मिश्रण

वाहनों के परिचालन में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल को मिलाना।

सम्मिश्रण लक्ष्य
- वर्ष **2025** तक **E20:** ईंधन 80% पेट्रोल के साथ **20%** इथेनॉल का मिश्रण।

वर्तमान में वाहनों में प्रयोग होने वाले पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी **10%** ही है।

महत्त्व
- देश के तेल आयात में कमी आएगी।
- पेट्रोल की तुलना में कम लागत पर समतुल्य दक्षता प्राप्त होगी।
- पूर्ण रूप से जलता है साथ ही पेट्रोल से भी अधिक स्वच्छ होता है।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिये कृषि अवशेषों से इथेनॉल का उत्पादन किया जा सकेगा।

चुनौतियाँ
- **गन्ने के लिये अधिक भूमि की आवश्यकता** (परिणामस्वरूप खाद्य कीमतों में वृद्धि) है।
- जैव ईंधन फसलों को **उच्च मात्रा में जल की आवश्यकता** होती है।

संबंधित पहलें
- भारत में इथेनॉल सम्मिश्रण के लिये रोडमैप (नीति आयोग की रिपोर्ट) (वर्ष 2021)
- E100 पायलट प्रोजेक्ट (इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये नेटवर्क) (वर्ष 2021)
- प्रधानमंत्री जी-वन योजना (2G इथेनॉल परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिये) (वर्ष 2019)
- राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति (वर्ष 2018)
- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (वर्ष 2003)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

सारनाथ मूर्तिकला शैली

चर्चा में क्यों?

थाईलैंड की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड के **राजा महा वजिरालोंगकोर्न** को सारनाथ **शैली** में निर्मित ध्यान मुद्रा में **बुद्ध की पीतल की प्रतिमा** उपहार में दी।

- **सारनाथ मूर्तिकला के बारे में:**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- **उद्भव एवं विकास:**
  - सारनाथ कला शैली का उद्भव कुषाण काल में हुआ और गुप्त काल में यह कला अपने उच्चतम शिखर पर पहुँची।
- **नामकरण:**
  - यह शैली सारनाथ में विकसित हुई थी, जहाँ महात्मा बुद्ध ने अपना प्रसिद्ध 'धर्मचक्र प्रवर्तन' (प्रथम उपदेश) दिया था।
  - इसके परिणामस्वरूप इस कला शैली को '**सारनाथ शैली**' के नाम से जाना गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **निर्माण सामग्री:**
  - प्राचीन काल में मूर्तियों के निर्माण के लिये मुख्यत: **बलुआ पत्थर** का प्रयोग किया जाता था। किंतु वर्तमान में, पत्थर के साथ-साथ पीतल जैसी धातुओं का भी उपयोग किया जाने लगा है, जिससे मूर्तियों की संरचना और स्थायित्व में सुधार हुआ।
- **विशेषताएँ:**
  - सारनाथ कला की बुद्ध की मूर्तियाँ शांति और ज्ञान की गहरी भावना को व्यक्त करती हैं।
  - बुद्ध की मूर्तियों में झुकी हुई आँखें और तीव्र नाक होती है, साथ ही उनके होठों पर एक सौम्य मुस्कान होती है। सारनाथ शैली के बुद्ध का चेहरा अत्यंत कोमल है।
  - बुद्ध को धर्मचक्र मुद्रा (शिक्षा मुद्रा) में बैठा हुआ दर्शाया जाता है, जहाँ उनके हाथ धर्म चक्र घुमाने और शिक्षा देने की मुद्रा में होते हैं।
  - इन मूर्तियों में अक्सर अभंग मुद्रा को चित्रित किया जाता है, जिसमें बुद्ध का शरीर हल्का झुका होता है, जो गति और सुंदरता का आभास कराता है।
  - बुद्ध की मूर्ति के पीछे का प्रभामंडल प्राय: जटिल पुष्प आकृतियों से सुसज्जित होता है, जो मूर्ति की भव्यता और आध्यात्मिक महत्त्व को और भी बढ़ा देता है।

उत्तर प्रदेश में बाल मृत्यु दर

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी **वार्षिक स्वास्थ्य रिपोर्ट** (2024-25) के अनुसार, विगत वर्षों में सुधार के बावजूद, उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अधिक **बाल मृत्यु दर** वाले राज्यों में शामिल है।

मुख्य बिंदु

- **बाल मृत्यु दर के बारे में:**
  - रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रत्येक 1,000 बच्चों में से 43 बच्चे अपने पाँचवें जन्मदिन से पहले मर जाते हैं।
  - वर्तमान **शिशु मृत्यु दर (IMR)** 1,000 जीवित जन्मों पर 38 है, जबकि **नवजात मृत्यु दर (NMR)** 28 है।
  - यूनिसेफ इंडिया रिपोर्ट 2020 के अनुसार लगभग 46% **मातृ मृत्यु** और 40% नवजात मृत्यु प्रसव के दौरान या जन्म के बाद पहले 24 घंटों के भीतर हो जाती हैं।
  - नवजात शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारणों में समय से पहले जन्म (35%), नवजात संक्रमण (33%), जन्म के समय श्वासावरोध (20%) और जन्मजात विकृतियाँ (9%) शामिल हैं।
  - हालाँकि, वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में सबसे अधिक गिरावट देखी गई।
  - उत्तर प्रदेश ने अपने **विज़न 2030** योजना के तहत वर्ष 2020 तक अपनी मातृ मृत्यु दर (MMR) को 140 प्रति लाख जीवित जन्म तक कम करने का लक्ष्य रखा था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- हालांकि, नवंबर 2022 में भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा प्रकाशित **नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) रिपोर्ट 2018-20** से पता चला है कि MMR 167 प्रति लाख जीवित जन्म था, जो राष्ट्रीय औसत 97 प्रति लाख जीवित जन्म से अधिक है।
- भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) रिपोर्ट में कहा गया है कि NFHS 4 (2015-16) से NFHS 5 (2019-21) तक संस्थागत प्रसव, नवजात मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर जैसे संकेतकों में सुधार हुआ है।

- **बाल मृत्यु दर के कारण:**
  - **सेप्टीसीमिया (Sepsis)** यह एक गंभीर रक्त संक्रमण है, जो सेप्सिस नामक जानलेवा स्थिति और अंग क्षति का कारण बन सकता है।
  - राज्य में घर पर प्रसव की दर अधिक है, जो एक बड़ा खतरा है। घर पर प्रसव में प्रशिक्षित दाइयों की कमी, स्वच्छता की कमी, और चिकित्सा पेशेवरों की अनुपस्थिति संक्रमण के जोखिम को बढ़ाती है।
  - **उत्तर प्रदेश में दूरदराज और कम सेवा वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की कमी है।** स्वास्थ्य सेवा का अभाव, जैसे प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल का अभाव, शिशु मृत्यु दर को बढ़ाता है।
  - सरकार ने कई योजनाएँ शुरू की हैं, जैसे जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (JSSK) और **घर-आधारित नवजात शिशु देखभाल (HBNC)**, लेकिन इन योजनाओं का लाभ सभी परिवारों तक समान रूप से नहीं पहुँच पा रहा है। इसके कारण, विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों में शिशुओं की मृत्यु दर अधिक है।
  - कुपोषण और जलवायु परिवर्तन के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। जिससे शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है।
  - बहुत से परिवारों में प्रसव के दौरान संक्रमण और शिशु देखभाल के बारे में जागरूकता की कमी है।

अनंत नगर आवास योजना

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की **अनंत नगर आवासीय योजना** का शुभारंभ किया।

मुख्य बिंदु

- **योजना के बारे में:**
  - इस योजना की लागत 6500 करोड़ रुपए है जो कि 785 एकड़ में प्रस्तावित है।
  - इसके तहत डेढ़ लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी।
  - 60 प्लॉट्स पर 10 हज़ार फ्लैट्स का निर्माण किया जाएगा।
  - **EWS (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग) और LIG (निम्न आय वर्ग)** श्रेणी के 5 हज़ार भवनों में 25 हज़ार से अधिक लोगों के लिये आवास का प्रावधान किया गया है।
  - प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 हज़ार आवासों का निर्माण भी यहाँ किया जाएगा।
  - इसके अलावा 102 एकड़ के क्षेत्रफल में एजुकेशन सिटी विकसित की जाएगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U)

- **लॉन्च:**
  - 25 जून, 2015 को **प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (PMAY-U)** का शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के लोगों को वर्ष 2022 तक आवास उपलब्ध कराना है।
- **कार्यान्वयन:**
  - आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय।
- **विशेषताएँ:**
  - यह शहरी गरीबों (झुग्गीवासी सहित) के बीच **शहरी आवास की कमी को संबोधित करते हुए पात्र शहरी गरीबों के लिये पक्के घर** सुनिश्चित करता है।
  - PMAY(U) के अंतर्गत सभी घरों में शौचालय, पानी की आपूर्ति, बिजली और रसोईघर जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।
  - यह योजना महिला सदस्य के नाम पर या संयुक्त नाम से घरों का स्वामित्व प्रदान कर महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देती है।
  - विकलांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, एकल महिलाओं, ट्रांसजेंडर और समाज के कमज़ोर वर्गों को इसमें प्राथमिकता दी जाती है।

भारत रत्न पंडित रविशंकर जयंती

चर्चा में क्यों?

7 अप्रैल, 2025 को सितार वादक और संगीतकार पंडित रविशंकर की 103वीं जयंती मनाई गई।

मुख्य बिंदु

- **पंडित रविशंकर के बारे में:**
  - पंडित रविशंकर, जिनका जन्म 7 अप्रैल, 1920 को **वाराणसी** में हुआ था, भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान सितारवादक और संगीतकार थे।
  - उनका मूल **नाम रवींद्र शंकर चौधरी था** और वे अपने पिता श्याम शंकर चौधरी और माता हेमांगिनी देवी के सातवें पुत्र थे।
  - 18 साल की उम्र में उन्होंने सितार सीखना शुरू किया और इसके लिये **मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खान से दीक्षा ली।**
  - उन्होंने 25 वर्ष की आयु में प्रसिद्ध गीत **"सारे जहाँ से अच्छा" की पुनः रचना की।**
  - उन्होंने वर्ष 1949 से 1956 तक नई दिल्ली में ऑल इंडिया रेडियो के संगीत निदेशक के रूप में कार्य किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसके बाद, 1960 के दशक में वायलिन वादक **येहुदी मेनुहिन और जॉर्ज हैरीसन** के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी और प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे इसे पश्चिमी दुनिया में लोकप्रिय बनाने में मदद मिली।
- पंडित रवि शंकर ने **भारतीय शास्त्रीय संगीत** को पश्चिमी दुनिया से परिचित कराया।
- वीटल्स के जॉर्ज हैरीसन ने उन्हें **'विश्व संगीत का गॉडफादर'** बताया।
- वर्ष 1986 से 1992 तक वह राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी रहे।
- 11 दिसंबर, 2012 को 92 वर्ष की आयु में उनका निधन गया।

- **सम्मान और पुरस्कार**
  - उन्हें वर्ष 1999 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त उन्हे अनेक **सम्मान और पुरस्कार मिले, जिनमें शामिल हैं:**
    - **यूनेस्को सद्भावना राजदूत (1999):** सांस्कृतिक योगदान के लिये नियुक्त।
    - **पद्म भूषण (1967):** भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
    - **पद्म विभूषण (1981):** असाधारण सेवा के लिये दूसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार।
    - **कालिदास सम्मान (1986):** भारतीय शास्त्रीय संगीत में उत्कृष्टता के लिये मध्य प्रदेश का प्रमुख पुरस्कार।
    - **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1987):** भारत में संगीत के क्षेत्र में श्रेष्ठता का प्रतीक।
    - **ग्रैमी पुरस्कार (चार बार):** 2013 में मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार सहित, विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित।

भारतीय शास्त्रीय संगीत

- **परिचय:**
  - शास्त्रीय भारतीय संगीत, संगीत का एक जटिल और प्राचीन रूप है जिसकी जड़ें **हिंदू धर्म** के सबसे प्राचीन ग्रंथ वेदों में निहित हैं, जो लगभग 1500 ईसा पूर्व के हैं।
  - इसे दो मुख्य परंपराओं में विभाजित किया गया है: **हिंदुस्तानी संगीत,** (जो उत्तर भारत में प्रचलित है) और **कर्नाटक संगीत** (जो दक्षिण भारत में लोकप्रिय) है।
- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:**
  - भारतीय शास्त्रीय संगीत की **उत्पत्ति सामवेद** जैसे प्राचीन ग्रंथों से हुई है, जो इसकी गहन ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं भारतीय परंपराओं से संबंध को प्रदर्शित करता है।
- **महत्त्व**
  - शास्त्रीय संगीत में **गुरु-शिष्य परंपरा** (शिक्षक-शिष्य परंपरा) की प्रमाणिकता को संरक्षित करते हुए एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ज्ञान एवं कौशल का हस्तांतरण सुनिश्चित हुआ है।
  - शास्त्रीय संगीत में नियमों तथा परंपराओं (जैसे कि **राग प्रणाली**, जो पीढ़ियों से चली आ रही है) का पालन किया गया है, जिससे भारत की संगीत विरासत का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है।
  - शास्त्रीय संगीत एक सामान्य सांस्कृतिक सूत्र के रूप में कार्य करते हुए विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करने में भूमिका निभाता है।
  - इसकी क्षेत्रीय, भाषायी एवं धार्मिक बाधाओं को कम करने के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने में भूमिका है।
  - शास्त्रीय संगीत में **विभिन्न क्षेत्रीय शैलियों एवं वाद्ययंत्रों** का समायोजन शामिल है, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता का परिचायक है। इस समावेशिता से विभिन्न समुदायों के बीच सद्भाव तथा समन्वय को बढ़ावा मिलता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग गोवा सरकार से सम्मानित

चर्चा में क्यों ?

1 अप्रैल, 2025 को **गोवा सरकार ने** उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग को सम्मानित किया।

मुख्य बिंदु

- **मुद्दे के बारे में:**
  - यह सम्मान समारोह गोवा के **अग्निशमन और आपातकालीन सेवा निदेशालय** द्वारा प्रदान किया गया।
  - गोवा की **राजधानी पणजी** में इस सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।
  - यह सम्मान **महाकुंभ 2025**, प्रयागराज में उत्कृष्ट अग्निशमन और आपदा प्रबंधन सेवाओं के लिये दिया गया।
- **अग्निशमन विभाग की उपलब्धियाँ:**
  - 45 दिनों में 185 आग की घटनाओं को नियंत्रित किया, जिनमें से 24 बड़ी आग की घटनाएँ थीं।
  - इसके अलावा, लगभग 86 छोटी आग की घटनाओं पर तुरंत काबू पा लिया गया।
  - लगभग 16.5 करोड़ रुपए के संभावित नुकसान को बचाया गया।

कुंभ मेले के बारे में

- वर्ष 2025 में महाकुंभ मेला प्रयागराज में **13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक** आयोजित किया गया, जिसमें 66.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए।
- **'कुंभ' शब्द की उत्पत्ति 'कुंभक'** (अमरता के अमृत का पवित्र घड़ा) धातु से हुई है।
- **पुष्यभूति वंश के राजा हर्षवर्द्धन ने प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन प्रारंभ किया।**
- यह तीर्थयात्रियों का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण समागम है जिसके दौरान प्रतिभागी पवित्र नदी में स्नान या डुबकी लगाते हैं। यह समागम 4 अलग-अलग जगहों पर होता है, अर्थात्:
  - हरिद्वार में **गंगा** के तट पर।
  - उज्जैन में **शिप्रा नदी** के तट पर।
  - नासिक में **गोदावरी** (दक्षिण गंगा) के तट पर।
  - प्रयागराज में **गंगा, यमुना और पौराणिक अदृश्य सरस्वती के संगम पर**

उत्तर प्रदेश का पहला बायो-सीएनजी प्लांट

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उत्तर प्रदेश का **पहला व देश का दूसरा अपशिष्ट-से-CNG प्लांट** स्थापित किया जा रहा है।

मुख्य बिंदु

- **प्लांट के बारे में:**
  - यह प्लांट **पराली, मुर्गी के कूड़े, गोबर और गीले कचरे** से जैव-ईंधन (Bio-CNG) बनाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यह **प्रतिदिन 21.5 टन जैव-CNG, 200 टन जैविक खाद** और **30 मीट्रिक टन ब्रिकेट** का उत्पादन करेगा।
- इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल पर संचालित किया जाएगा।
- जैव ईंधन की आपूर्ति के लिये **अडानी गैस लिमिटेड** द्वारा इस क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाई जाएगी।
- इससे **कचरा निपटान पर लगभग 5 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत** होगी।
- **शहर का लगभग एक-तिहाई कचरा इस प्लांट** में उपयोग किया जाएगा।

- **उद्देश्य**
  - **कचरा प्रबंधन** को व्यवस्थित करना
  - नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना
  - **पर्यावरण प्रदूषण** को कम करना (विशेषकर पराली जलाने से होने वाला)
  - **शहरी गैस आपूर्ति** को सुलभ और सस्ती बनाना

बायो-सीएनजी

- बायो-सीएनजी (BioCNG), जिसे 'बायोमीथेन' के रूप में भी जाना जाता है, **एक नवीकरणीय और स्वच्छ दहन परिवहन ईंधन है, जो बायोगैस को प्राकृतिक गैस की गुणवत्ता में अद्यतन या अपग्रेड करने के माध्यम से उत्पादित किया जाता है।**
- यह अनिवार्य रूप से शुद्धिकृत बायोगैस (purified biogas) है, जो निम्नलिखित जैविक अपशिष्ट पदार्थों से बनाई जाती है:
  - **कृषि अपशिष्ट:** फसल अवशेष, भूसा, खाद
  - **खाद्य अपशिष्ट:** खराब भोजन, बचा हुआ अवशेष
  - **सीवेज कीचड़:** अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों से निकलने वाला ठोस अपशिष्ट

उत्तर प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित सौर ऊर्जा दुकानें

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा साथी योजना के तहत 3,304 सौर ऊर्जा **संचालित** दुकानें शुरू करने जा रही है, जिससे महिलाओं को स्वतंत्र रूप से स्थायी खुदरा दुकानें चलाने में सशक्त बनाया जा सकेगा।

मुख्य बिंदु

- **महिलाओं को सशक्त बनाना:**
  - **मुख्यमंत्री युवा साथी योजना** का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में **सौर ऊर्जा से चलने वाली खुदरा दुकानें** स्थापित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।
  - चयनित महिलाएँ स्वतंत्र रूप से इन दुकानों का संचालन करेंगी, जिससे उन्हें स्वामित्व और व्यावसायिक स्वायत्तता प्राप्त होगी।
- **ज़िलेवार चयन और कार्यान्वयन:**
  - सौर ऊर्जा से चलने वाली दुकानों के प्रबंधन के लिये ज़िला स्तर पर महिला उद्यमियों का चयन किया जाएगा।
  - यह योजना स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को लक्षित करती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ◆ प्रदेश के **826 ब्लॉकों** में **चार-चार सोलर शॉप** खोली जाएंगी। महिलाओं को **सोलर फ्रीजर, सोलर कोल्ड स्टोरेज, सोलर आटा चक्की, सोलर ड्रायर, सोलर फूड प्रोसेसिंग मशीन** जैसे Distributed Renewable Energy (DRE) उत्पादों से जोड़ा जाएगा।
- ◆ हर **ग्राम पंचायत** में एक महिला को **"सूर्य सखी"** और 10,000 **पर्यावरण सखियों** का गठन भी किया जाएगा।
  - ■ **लखनऊ** में एक सोलर निर्माण इकाई की स्थापना की जाएगी।
- ◆ सरकार दुकान प्रबंधन और सौर उपकरण संचालन में व्यापक प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी।

- **हरित ऊर्जा और रोजगार को बढ़ावा देना:**
  - ◆ यह योजना पारंपरिक बिजली पर निर्भरता को कम करके स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देती है।
  - ◆ कम परिचालन लागत और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग परियोजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाता है।
  - ◆ साथ ही, यह स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देता है और सरकारी उद्यमिता पहलों में भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।
  - ◆ उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) के अंतर्गत महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ते हुए उन्हें विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से स्वरोज़गार उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM)

- UPSRLM को मई 2020 में COVID-19 लॉकडाउन के दौरान शुरू किया गया था।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में **58,000 बीसी सखियों** की नियुक्ति करना है।
- वर्तमान में **38,435 बीसी सखियाँ** कार्यरत हैं, जिन्हें प्रशिक्षण दिया जा चुका है और **भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (IIBF)** से प्रमाणित भी किया गया है।
- यह मॉडल उन क्षेत्रों में, जहाँ बैंकिंग सेवाएँ सीमित या अनुपलब्ध हैं, **वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने का एक लागत प्रभावी और टिकाऊ माध्यम** सिद्ध हुआ है।
- BC सखियों को उनके बैंकिंग व्यवसाय को स्थायित्व देने हेतु प्रारंभिक **छह महीनों तक प्रति माह** ₹4,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

गरीबी उन्मूलन लक्ष्य

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तीन साल के भीतर राज्य में गरीबी उन्मूलन की योजना की घोषणा की है। उन्होंने सभी के लिये आवास, पानी और रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

मुख्य बिंदु

- **गरीबी के बारे में:**
  - ◆ गरीबी एक ऐसी स्थिति या अवस्था है जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय के पास न्यूनतम जीवन स्तर के लिये वित्तीय संसाधन और आवश्यक वस्तुओं का अभाव होता है। गरीबी का मतलब है कि रोजगार से आय का स्तर इतना कम है कि बुनियादी मानवीय ज़रूरतें पूरी नहीं हो पाती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **विश्व बैंक के अनुसार,** गरीबी का अर्थ है खुशहाली में कमी और इसमें कई आयाम शामिल हैं। इसमें कम आय और गरिमा के साथ जीने के लिये आवश्यक बुनियादी वस्तुओं और सेवाओं को प्राप्त करने में असमर्थता शामिल है। गरीबी में स्वास्थ्य और शिक्षा का निम्न स्तर, स्वच्छ जल और स्वच्छता तक खराब पहुँच, अपर्याप्त शारीरिक सुरक्षा, आवाज़ की कमी और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये अपर्याप्त क्षमता और अवसर भी शामिल हैं।
  - भारत में **MRO उद्योग** 2021 में **1.7 बिलियन डॉलर** का था, जो **2030 तक 7 बिलियन डॉलर** तक पहुँचने का अनुमान है।
  - भारत में **713 एयरक्राफ्ट** हैं, जो **2031 तक 1522** तक बढ़ सकते हैं। भारतीय वायुसेना के पास **36 राफेल** और **50 मिराज-2000** विमान हैं।
  - भारत अब **राफेल और मिराज जैसे अत्याधुनिक विमानों** की **मेंटेनेंस के लिये अमेरिका, चीन और सिंगापुर** जैसे देशों पर निर्भर नहीं रहेगा।
  - **महत्त्व:**
    - भारतीय वायुसेना की **रखरखाव लागत** और **समय** में कमी आएगी।
    - भारत की **रणनीतिक स्वायत्तता** और **रक्षा तैयारियाँ** मज़बूत होंगी।
    - **स्थानीय रोज़गार, तकनीकी शिक्षा** और **औद्योगिक विकास** को बढ़ावा मिलेगा।
    - भारत का **MRO उद्योग** वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बन सकता है।
    - **उत्तर प्रदेश** को विमानन क्षेत्र में एक **नई पहचान** मिलेगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

राफेल के बारे में

- राफेल (Rafale) फ्राँस का डबल इंजन वाला और मल्टीरोल लड़ाकू विमान है, जिसे फ्राँस की डसॉल्ट एविएशन कंपनी द्वारा डिज़ाइन किया गया है।
- इस लड़ाकू विमान में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है और यह एक 4.5 जेनरेशन (4.5 Generation) वाला लड़ाकू विमान है।
- राफेल लड़ाकू विमान में मौजूद मीटीओर मिसाइल (Meteor Missile), SCALP क्रूज मिसाइल (Scalp Cruise Missile) और MICA मिसाइल प्रणाली (MICA Missile System) इसे सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण बनाती हैं।
- राफेल 2,222.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार और 50,000 फीट की ऊँचाई तक उड़ सकता है।
- यह लड़ाकू विमान लगभग 15.27 मीटर लंबा है और यह अपने साथ एक बार में 9,500 किलोग्राम बम और गोला-बारूद ले जा सकता है।

15वीं हॉकी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025

चर्चा में क्यों?

पंजाब ने **मध्य प्रदेश** को हराकर **15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप, 2025** जीत ली है। वहीं उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

मुख्य बिंदु:

- **चैंपियनशिप के बारे में:**
  - इस चैंपियनशिप का आयोजन **4 से 15 अप्रैल** तक **उत्तर प्रदेश के झाँसी** स्थित **मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम** में किया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- हॉकी इंडिया के अनुसार, टूर्नामेंट में वही **डिवीज़न-आधारित प्रारूप** अपनाया गया, जो सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लागू किया गया था।
  - इस प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया और इन्हें तीन डिवीज़नों — **डिवीज़न A, डिवीज़न B और डिवीज़न C** में विभाजित किया गया था।

मेजर ध्यानचंद



- **मेजर ध्यानचंद एक फील्ड हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होंने वर्ष 1926 से 1949 तक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेली।**
  - वह **तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता** थे, जिन्होंने **वर्ष 1928, 1932 और 1936** के ओलंपिक संस्करणों में स्वर्ण पदक हासिल किया था।
- **खेल में उनके असाधारण कौशल के चलते उन्हें 'हॉकी के जादूगर' की उपाधि दी गई।**
  - ध्यानचंद ने अपने भाई रूप सिंह के साथ मिलकर भारत के 35 गोलों की संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके चलते उन्हें **'हॉकी ट्विन्स'** के नाम से भी जाना गया।
  - **वर्ष** 1934 में ध्यानचंद को **भारतीय टीम की कप्तानी से** सम्मानित किया गया।
- मेजर ध्यानचंद वर्ष 1956 में सेना में मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए और उन्हें **पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया।
- हर साल **29 अगस्त** को **मेजर ध्यानचंद की जयंती** पर उनके योगदान को सम्मान देने और **खेल संस्कृति** को बढ़ावा देने के लिये **राष्ट्रीय खेल दिवस** मनाया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

पीएम सूर्य घर योजना

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्रों की **स्थापना दर दोगुनी** करने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु

- **वर्तमान स्थिति:**
  - राज्य में अब तक **एक लाख से अधिक** सोलर संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। वर्तमान में **प्रतिमाह लगभग 11,000 सोलर प्लांट** लगाए जा रहे हैं, अर्थात **प्रतिदिन औसतन 500 से अधिक** संयंत्रों की स्थापना हो रही है।
- **लक्ष्य:**
  - सरकार का लक्ष्य **2025-26 में 2.65 लाख प्लांट लगाना है**, जिससे मासिक स्थापना दर बढ़कर 22,000 हो जाएगी।
    - **मार्च 2027 तक कुल 8 लाख सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का लक्ष्य है।** इस प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिये 2,500 से अधिक विक्रेताओं को सूचीबद्ध किया गया है और लगभग 1,800 विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया है।
- **बहु-स्तरीय योजना निर्माण:**
  - लक्ष्य को **ज़िला, डिस्कॉम, नगर निगम** और **नगर पालिका स्तर** पर बाँटा गया है।
  - योजना को **मुख्यमंत्री डैशबोर्ड** से जोड़ा गया है, जिससे इसकी **रीयल टाइम मॉनिटरिंग** और **प्रगति की ट्रैकिंग** संभव हो रही है।
  - UPNEDA (**उत्तर प्रदेश नई और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी**) योजना को **हर घर तक पहुँचाने** के लिये प्रतिबद्ध है।
  - आवेदकों से संपर्क कर **विक्रेताओं (vendors)** को सूचीबद्ध किया जा रहा है।
    - विक्रेताओं को **बैंकों के माध्यम से ऋण और क्रेडिट गारंटी योजनाओं** का लाभ देकर उनकी **आर्थिक क्षमता मज़बूत** की जा रही है।
- **प्रशिक्षण एवं सहयोग:**
  - प्रशिक्षण कार्य **राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान, कौशल विकास मंत्रालय, भारत सरकार** और UPNEDA के सहयोग से **चरणबद्ध तरीके** से किया जा रहा है।

पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना

- **परिचय:**
  - यह **योजना नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा** मंत्रालय द्वारा **फरवरी 2024** में शुरू की गई थी।
  - यह पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इनस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित करके **सोलर रूफटॉप सिस्टम** को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये एक **केंद्रीय योजना है।**
  - इसका लक्ष्य भारत में **एक करोड़ परिवारों** को **मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है,** जो रूफटॉप सोलर पैनल वाली बिजली इकाइयाँ स्थापित करना चाहते हैं।
    - **परिवारों को प्रत्येक महीने 300 यूनिट** बिजली मुफ्त मिल सकेगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **कार्यान्वयन एजेंसियाँ: योजना का क्रियान्वयन दो स्तरों पर किया जाएगा।**
    - **राष्ट्रीय स्तर: राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA)** द्वारा प्रबंधित।
    - **राज्य स्तर: राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA)** द्वारा प्रबंधित, जो संबंधित राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों की वितरण उपयोगिताएँ (डिस्कॉम) या विद्युत/ऊर्जा विभाग हैं।
- **सब्सिडी संरचना:** यह योजना सोलर रूफटॉप सिस्टम इनस्टॉलेशन की लागत को कम करने के लिये सब्सिडी प्रदान करती है। सब्सिडी अधिकतम **3 किलोवाट क्षमता तक सीमित** है।
    - 2 किलोवाट क्षमता तक के सोलर सिस्टम के लिये **60% सब्सिडी**।
    - 2 किलोवाट से 3 किलोवाट क्षमता के बीच सोलर सिस्टम के लिये **40% सब्सिडी**।

NSE और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तर प्रदेश सरकार** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के बीच एक **महत्त्वपूर्ण स**मझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

मुख्य बिंदु:

- **समझौता ज्ञापन के बारे में:**
    - यह पहल उत्तर प्रदेश की **96 लाख** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिये पूंजी जुटाने के अवसरों को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
    - अब ये MSMEs **NSE इमर्ज प्लेटफ़ॉर्म** के माध्यम से आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPOs) लॉन्च करके पूंजी जुटा सकेंगी।
    - **NSE इमर्ज** एक समर्पित प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे MSMEs को पूंजी बाज़ार से जोड़ने के लिये विकसित किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म सार्वजनिक निवेश के अवसर, ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने और व्यापक निवेशक आधार तक पहुँच प्रदान करता है।
    - समझौते के तहत NSE, उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से **सेमिनार, रोड शो, कार्यशालाएँ, ज्ञान सत्र और MSME कैंप** आयोजित करेगा, ताकि MSMEs के बीच IPO के प्रति जागरूकता को बढ़ाया जा सके।
    - इस पहल के माध्यम से MSME इकाइयों को **सार्वजनिक पूंजी** के साथ-साथ **निवेशकों का विश्वास** भी प्राप्त होगा।
    - **अप्रैल 2025 तक**, NSE इमर्ज प्लेटफ़ॉर्म पर कुल **612 कंपनियाँ सूचीबद्ध** हो चुकी हैं, जिन्होंने **17,003 करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी जुटाई है**, और इनकी **कुल बाज़ार पूँजी (market capitalization) 1,76,565 करोड़ रुपए** है।
- **महत्त्व:**
    - यह पहल उत्तर प्रदेश में **औद्योगिक निवेश, रोज़गार सृजन और नवाचार** को बढ़ावा देगी।
    - MSME इकाइयों को **राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने में सहायता** मिलेगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- MSME नीति 2022 के तहत, **शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध होने के लिये अधिकतम 5 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता** भी दी जा रही है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) भारत का सबसे बड़ा वित्तीय बाज़ार है।
- वर्ष 1992 से निगमित 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' एक परिष्कृत, इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार के रूप में विकसित हुआ है, जो इक्विटी ट्रेडिंग वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया में चौथे स्थान पर है (2021 तक)।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भारत में आधुनिक, पूरी तरह से स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक व्यापार प्रदान करने वाला पहला एक्सचेंज था।
  - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भारत में सबसे बड़ा निजी वाइड-एरिया नेटवर्क है।
- निफ्टी 50 नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) का प्रमुख सूचकांक है।
- सूचकांक ब्लू चिप कंपनियों, सबसे बड़ी और सबसे अधिक तरल भारतीय प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो के व्यवहार को ट्रैक करता है।

नागरिक विवादों का अपराधीकरण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश **संजीव खन्ना** ने **उत्तर प्रदेश सरकार** की सामान्य नागरिक (सिविल) मामलों को आपराधिक मामलों **में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति** को लेकर कड़ी आलोचना की।

मुख्य बिंदु

- **नागरिक विवादों के अपराधीकरण के कारण**
  - **शीघ्र न्याय प्राप्ति की आकांक्षा:**
    - सिविल न्याय प्रक्रिया में होने वाली देरी से हताश वादीगण आपराधिक मुकदमे की राह अपनाते हैं, ताकि दूसरे पक्ष पर दबाव बनाकर त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सके।
  - आपराधिक धाराओं का रणनीतिक प्रयोग:
    - **धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक न्यासभंग)** जैसी आपराधिक धाराओं का प्रयोग कर, सिविल मामलों को आपराधिक रूप देने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसका उद्देश्य अक्सर निजी या राजनीतिक लाभ लेना होता है।
  - **विधिक समझ की अपर्याप्तता:**
    - कई बार पुलिस व जाँच एजेंसियों को नागरिक और आपराधिक मामलों के बीच अंतर स्पष्ट नहीं होता। परिणामस्वरूप, सामान्य संविदात्मक या व्यापारिक विवादों को भी आपराधिक शिकायत के रूप में दर्ज कर लिया जाता है।
  - **न्यायिक प्रक्रिया में विलंब:**
    - सिविल न्यायालयों में निर्णय आने में वर्षों लग सकते हैं, जिससे वादीगण हतोत्साहित हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में वे त्वरित राहत पाने की आशा में आपराधिक मुकदमा दर्ज करवा कर विरोधी पक्ष पर दबाव बनाते हैं, ताकि विवाद शीघ्र सुलझाया जा सके।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **सिविल विवाद और आपराधिक विवाद के बीच अंतर**

अंतर के बिंदु	सिविल विवाद	आपराधिक विवाद
विवाद की प्रकृति	• विवाद में आमतौर पर निजी पक्ष या संस्थाएँ शामिल होती हैं जो कानूनी अधिकारों या दायित्वों पर असहमति को हल करना चाहते हैं। • उदाहरण के लिये, संविदा विवाद, व्यक्तिगत क्षति का दावा, पारिवारिक कानून के मामले (विवाह-विच्छेद, बच्चे की अभिरक्षा) और संपत्ति विवाद।	• इनमें उन कानूनों का उल्लंघन शामिल होता है जिन्हें राज्य या समाज के खिलाफ अपराध माना जाता है। अपराधों पर सरकारी अधिकारियों द्वारा अभियोजन चलाया जाता है और इसका उद्देश्य अपराधी को गलत काम के लिये दंडित करना होता है। • उदाहरण के लिये, चोरी, हमला, हत्या और ड्रग अपराध।
कार्यवाही का प्रारंभ	• आमतौर पर निजी व्यक्तियों या संस्थाओं (वादी) द्वारा प्रारंभ किया जाता है जो किसी अन्य पक्ष (प्रतिवादी) के खिलाफ क्षतिपूर्ति, व्यादेश या अन्य उपचार की मांग करते हुए मुकदमा दायर करते हैं।	• सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया, एक अभियोजक द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया, जो अपराध करने के अभियुक्त किसी व्यक्ति या इकाई के खिलाफ आरोप दायर करता है।
सबूत का भार	• भार आमतौर पर वादी पर होता है, जिसे सबूतों की प्रबलता से अपना मामला स्थापित करना होता है। • इसका अर्थ यह है कि उन्हें यह दिखाना होगा कि इस बात की अधिक संभावना है कि प्रतिवादी उत्तरदायी है।	• यह भार अभियोजन पक्ष पर होता है और इसे उचित संदेह से परे साबित किया जाना चाहिये। • यह अभियुक्त के अधिकारों की रक्षा के लिये बनाया गया एक अधिक मांग वाला मानक है।
कार्यवाही का उद्देश्य	• क्षतिग्रस्त पक्ष या पक्षों को उपचार प्रदान करना। • उपचारों में मौद्रिक प्रतिकर (नुकसान), विनिर्दिष्ट पालन, या व्यादेश शामिल हो सकते हैं।	• कानूनों के उल्लंघन के लिये अपराधी को दंडित करना और दूसरों को समान अपराध करने से भयोपरत करना। • समाज का पुनर्वास और सुरक्षा भी महत्त्वपूर्ण लक्ष्य हैं।

लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ

चर्चा में क्यों?

19 से 22 अप्रैल, 2025 तक उत्तर प्रदेश के **लखनऊ** स्थित **के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम** में **सांसद खेल महाकुंभ** का आयोजन किया गया।

मुख्य बिंदु

- **सांसद खेल महाकुंभ के बारे में:**
  - इस आयोजन का उद्देश्य खेलो इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप युवाओं में खेल भावना, स्वस्थ जीवनशैली और स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देना था।
  - इस खेल महाकुंभ में **एथलेटिक्स, वॉलीबॉल,** कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग **और** ताइक्वांडो जैसे आधुनिक खेलों के साथ-साथ कलारीपयट्टू, योगासन और **मलखंब** जैसे पारंपरिक और स्वदेशी खेलों का भी प्रदर्शन किया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई:**
  - **जूनियर कैटेगरी:** कक्षा **9 से 12** तक के छात्र।
  - **सीनियर कैटेगरी: डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय** के छात्र।
- **प्रतिभागी:**
  - कुल 10,000 **खिलाड़ियों** में से 2,500 खिलाड़ियों का चयन किया गया।
  - चयन प्रक्रिया **ज़िला स्तर पर आठ ज़ोन** में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के माध्यम से की गई।
  - विजेताओं को आठ लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।

रेशम सखी योजना

चर्चा में क्यों ?

उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को **आर्थिक रूप से सशक्त** बनाने के उद्देश्य से **रेशम सखी योजना** शुरू की है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

मुख्य बिंदु

- **योजना के बारे में:**
  - इस योजना के अंतर्गत महिलाएँ घर बैठे रेशम उत्पादन (Sericulture) से **आय अर्जित** कर सकेंगी।
  - यह योजना **राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन** और **रेशम विभाग** के संयुक्त प्रयास से लागू की जा रही है।
  - **इस योजना** के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रेशम कीट पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे **शहतूत रेशम** और **तसर रेशम** का उत्पादन अपने घर पर ही कर सकें।
    - **शहतूत रेशम पालन** का प्रशिक्षण कर्नाटक के मैसूर में और **तसर रेशम पालन** का प्रशिक्षण **झारखंड के** राँची में दिया जाएगा।
  - योजना का लक्ष्य है कि **अगले 5 वर्षों में 50,000 महिलाओं** को इससे जोड़ा जाए। पहले चरण में वर्ष **2025-26 तक 15 ज़िलों की 7500 महिलाओं** को इससे जोड़ा जाएगा।
- **महत्त्व:**
  - **ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार** होगा क्योंकि महिलाएँ स्थानीय संसाधनों से आय अर्जित कर सकेंगी।
  - महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सामाजिक असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी।
  - **रेशम उद्योग** का **विस्तार और विविधीकरण** होगा, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को नया आयाम मिलेगा।
  - शहरी पलायन में कमी आएगी क्योंकि महिलाएँ अपने गाँव में ही रोज़गार प्राप्त कर सकेंगी।

रेशम उत्पादन

- यह कृषि आधारित उद्योग है। इस उद्योग में कच्चे रेशम के उत्पादन के लिये रेशम के कीड़ों का पालन किया जाता है।
- रेशम उत्पादन के मुख्य क्रिया-कलापों में रेशम कीटों के आहार के लिये खाद्य पौधों की कृषि तथा कीटों द्वारा बुने हुए कोकूनों से रेशम तंतु निकालना, इसका प्रसंस्करण तथा बुनाई आदि की प्रक्रिया सन्निहित है।
  - कच्चा रेशम बनाने के लिये रेशम के कीटों का पालन **सेरीकल्चर या रेशमकीट पालन** कहलाता है।
    - घरेलू रेशम के कीड़ों (बॉम्बेक्स मोरी) को सेरीकल्चर के उद्देश्य से पाला जाता है।
- **भारत में रेशम उत्पादन:**
  - रेशम के कीड़ों की विभिन्न प्रजातियों से प्राप्त वाणिज्यिक महत्त्व के रेशम के कुल पाँच प्रमुख प्रकार होते हैं।
    - ये हैं- **मलबरी** (Mulberry), **ओक टसर** (Oak Tasar), **ट्रॉपिकल टसर** (Tropical Tasar), **मूंगा** (Muga) **और एरी** (Eri)।
  - मलबरी के अलावा रेशम की अन्य किस्में जंगली प्रकार की किस्में होती हैं, जिन्हें सामान्य रूप में 'वन्या' (Vanya) कहा जाता है।
  - भारत में रेशम की इन सभी वाणिज्यिक किस्मों का उत्पादन होता है।
  - दक्षिण भारत देश का प्रमुख रेशम उत्पादक क्षेत्र है और यह क्षेत्र कांचीपुरम, धर्मावरम, आर्नी आदि बुनाई के लिये भी काफी प्रसिद्ध है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

फोरेंसिक हैकाथॉन 2025 में IIT BHU को शीर्ष सम्मान प्राप्त

चर्चा में क्यों ?

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (BHU), वाराणसी के **स्कूल ऑफ बायोकेमिकल इंजीनियरिंग** की शोध टीम ने **फोरेंसिक हैकाथॉन 2025** में **शीर्ष सम्मान** प्राप्त किया है।

- यह हैकाथॉन राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) द्वारा आयोजित **अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन** का हिस्सा था।

मुख्य बिंदु

- **पुरस्कार के बारे में:**
  - यह पुरस्कार **केंद्रीय गृह मंत्री** द्वारा **नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन** में प्रदान किया गया।
  - टीम को उनके **अभिनव शोध** के लिये **दो लाख रुपए नकद पुरस्कार** और एक **स्मृति चिह्न** प्रदान किया गया।
- **विकसित तकनीक**
  - इस टीम ने **ग्लाइकेन-आधारित फोरेंसिक तकनीक** विकसित की है, जो **जैविक तरल पदार्थों** के आधार पर **सटीक आयु अनुमान** की सुविधा देती है अर्थात इससे डीएनए **के बिना भी किसी व्यक्ति की सही आयु का अनुमान लगाया जा सकता है।**
  - यह तकनीक **ग्लाइकोमिक प्रोफाइलिंग** को **मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म** के साथ जोड़ती है ताकि **कालानुक्रमिक आयु** और **जैविक आयु** दोनों का अनुमान लगाया जा सके।
  - वर्तमान में प्रचलित **डीएनए-आधारित फोरेंसिक विश्लेषण**, जिसमें **एपिजेनेटिक मार्कर** शामिल होते हैं, में **जैविक परिवर्तनशीलता** और **तकनीकी सीमाएँ** होती हैं।
  - **डीएनए मिथाइलेशन-आधारित मॉडल** के लिये अक्सर **प्राचीन और अच्छी गुणवत्ता वाले डीएनए** की आवश्यकता होती है, जो फोरेंसिक मामलों में अनुपलब्ध हो सकते हैं।
- **महत्त्व**
  - इस नवाचार के ज़रिये अपराध स्थल से प्राप्त **नमूनों के आधार पर संदिग्धों की प्रोफाइलिंग** को अधिक सटीक बनाया जा सकता है, विशेष रूप से तब, जब डीएनए मिलान उपलब्ध न हो।
  - यह तकनीक **लापता व्यक्तियों की पहचान**, **सामूहिक आपदाओं में अज्ञात पीड़ितों की पहचान** तथा **किशोर होने या उम्र के गलत विवरण के दावों** की पुष्टि करने में उपयोगी हो सकती है।
  - जैविक आयु किसी व्यक्ति के **स्वास्थ्य**, **प्रतिरक्षा स्थिति** और **तनाव** के बारे में महत्त्वपूर्ण साक्ष्य देती है, जो अपराध **के पुनर्निर्माण** में मदद कर सकते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA)

- **डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA)** जटिल आणविक संरचना वाला एक कार्बनिक अणु है।
- DNA अणु की किस्में **मोनोमर न्यूक्लियोटाइड्स की एक लंबी श्रृंखला से बनी होती हैं।** यह एक **डबल हेलिक्स** संरचना में व्यवस्थित है।
- **जेम्स वाटसन और फ्राँसिस क्रिक ने खोजा** कि DNA एक डबल-हेलिक्स पॉलीमर है जिसे वर्ष 1953 में बनाया गया था।
- यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जीवों की आनुवंशिक विशेषता के हस्तांतरण के लिये आवश्यक है।
- DNA का अधिकांश भाग कोशिका के केंद्रक में पाया जाता है इसलिये इसे केंद्रीय DNA कहा जाता है।



दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

BBAU को बायो-प्लास्टिक के उत्पादन के लिय पेटेंट मिला

चर्चा में क्यों?

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (BBAU) लखनऊ के वैज्ञानिक को **बायो-प्लास्टिक** बनाने की तकनीक के लिय **भारत सरकार द्वारा** पेटेंट प्रदान कि‍िया गया है।

मुख्य बिंदु

- यह तकनीक **गाय के गोबर और एक विशेष प्रकार के बैक्टीरिया** का उपयोग करती है, जिससे बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक तैयार किया जाता है।
- इस बायो-प्लास्टिक से **बोतलें**, **पॉलीबैग** और **अन्य उपयोगी वस्तुएँ** बनाई जा सकती हैं।
- यह प्लास्टिक पॉलीहाइड्रॉक्सी ब्यूटिरेट (PHB) पर आधारित है, जो एक **प्राकृतिक रूप से अपघटनीय** बायो-प्लास्टिक है।
- इससे पहले PHB का उत्पादन मुख्यत: **गन्ना, मक्का, गेहूँ, चावल और केले के छिलकों** जैसे बायोमास से किया जाता था, किंतु **उच्च लागत और महंगे कच्चे माल** के कारण इसका **व्यावसायिक प्रयोग सीमित** था।
- किंतु BBAU के वैज्ञानिक ने एक **संशोधित गोबर-आधारित माध्यम** विकसित किया है, जो **PHB उत्पादन की लागत को 200 गुना तक घटाता है**।
- पारंपरिक प्लास्टिक को नष्ट होने में **हज़ारों वर्ष** लगते हैं, जबकि BBAU के वैज्ञानिक द्वारा विकसित बायो-प्लास्टिक केवल **40-50 वर्षों में नष्ट** हो जाता है और **पर्यावरण को कोई नुकसान** नहीं करता।
- प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले **ग्लोबल वार्मिंग और** जैवविविधता **पर प्रभाव** की पृष्ठभूमि में यह शोध पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करता है।

बायो-प्लास्टिक

- बायो-प्लास्टिक्स को **गन्ना**, **मक्का** जैसे **नवीकरणीय कार्बनिक** स्रोतों से प्राप्त किया जाता है, जबकि पारंपरिक प्लास्टिक पेट्रोलियम से बने होते हैं। वे **हमेशा बायोडिग्रेडेबल या कम्पोस्ट करने योग्य नहीं होते हैं।**
- बायो-प्लास्टिक का उत्पादन **मकई और गन्ने जैसे पौधों से चीनी निकालकर और उसे पॉलीलैक्टिक एसिड (PLA)** में परिवर्तित करके किया जाता है। वैकल्पिक रूप से, उन्हें सूक्ष्मजीवों से **पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्कानोएट्स (PHA)** से बनाया जा सकता है जिन्हें फिर **बायो-प्लास्टिक** में **पॉलीमराइज़** किया जाता है।
- बायो-प्लास्टिक का उत्पादन **कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2)** को अवशोषित करता है और एक **तटस्थ या संभावित रूप से नकारात्मक कार्बन संतुलन** में योगदान देता है, जिससे जीवाश्म-आधारित प्लास्टिक की तुलना में **कार्बन फुटप्रिंट** को कम करने में मदद मिलती है।
- पारंपरिक प्लास्टिक के विपरीत, बायो-प्लास्टिक में **थ्यालेट्स (Phthalates)** जैसे हानिकारक रसायन नहीं होते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिये खतरनाक माने जाते हैं।
- बायो-प्लास्टिक **पारंपरिक प्लास्टिक की तरह ही मज़बूत और धारणीय होते हैं, जिससे वे खाद्य पैकेजिंग, कृषि और चिकित्सा आपूर्ति** जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग के लिये आदर्श होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने बेटियों की शादी का खर्च उठाने में असमर्थ गरीब और ज़रूरतमंद परिवारों को राहत देने के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बदलाव किया है।

मुख्य बिंदु

- **योजना में परिवर्तन:**
  - **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना** के तहत अब 51,000 रुपए के बजाए **1 लाख रुपए** की सहायता दी जाएगी, जो तीन भागों में वितरित होगी:
    - 75,000 रुपए सीधे **कन्या के बैंक खाते** में ट्रांसफर किये जाएंगे।
    - 10,000 रुपए **कपड़े, उपहार और आवश्यक सामान** हेतु मिलेंगे।
    - 15,000 रुपए **शादी के आयोजन** पर खर्च करने के लिये दिये जाएंगे।
- **योजना के बारे में:**
  - राज्य सरकार द्वारा **सर्वधर्म-समभाव** और **सामाजिक समरसता** को बढ़ावा देने हेतु **अक्तूबर 2017** से **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना** संचालित की जा रही है।
  - योजना के अंतर्गत **विभिन्न धर्मों और समुदायों** के रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह समारोह सम्पन्न कराए जाते हैं।
  - इसका उद्देश्य विवाह कार्यक्रमों में होने वाले **अनावश्यक प्रदर्शन और अपव्यय** को समाप्त करना भी है।
  - यह योजना **गरीब,** अनुसूचित जाति (SC), जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिये है।
    - **विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा** महिलाओं के विवाह की भी इस योजना में व्यवस्था की गई है।
  - नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के स्तर पर पंजीकरण की व्यवस्था है।
  - सामूहिक विवाह आयोजन हेतु **न्यूनतम 10 जोड़ों** का पंजीकरण आवश्यक है।
  - **पात्रता:**
    - कन्या की **आयु 18 वर्ष** और वर की **आयु 21 वर्ष** या अधिक होनी चाहिये।
    - दोनों वर-वधू **उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी** हों।
    - परिवार की **वार्षिक आय** सरकार द्वारा तय सीमा के भीतर हो।

उत्तर प्रदेश में इको-पर्यटन

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये बाँधों और जलाशयों को **पर्यटन** स्थलों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

मुख्य बिंदु

- **पहल के बारे में:**
  - इस पहल के तहत **चित्रकूट**, **महोबा**, **सोनभद्र**, **हमीरपुर**, **झाँसी**, **सिद्धार्थनगर** और **बाँदा** ज़िलों के **सात प्रमुख बाँधों और झीलों** पर बुनियादी ढाँचे का निर्माण किया जाएगा।
  - इन स्थानों पर **जल और साहसिक क्रीड़ा गतिविधियों** को प्रोत्साहित करने के लिये **सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग** का सहयोग सुनिश्चित किया गया है।
  - जिन जलाशयों और बाँधों को चुना गया है, उनमें शामिल हैं:
    - **गुंता बाँध** (चित्रकूट)
    - **अर्जुन डैम** (महोबा)
    - **धंधरौल डैम** (सोनभद्र)
    - **मौदहा डैम** (हमीरपुर)
    - **गढ़मऊ झील** (झाँसी)
    - **मझौली सागर** (सिद्धार्थनगर)
    - **नवाब टैंक** (बाँदा)
  - सरकार का उद्देश्य इन जलाशयों के प्राकृतिक सौंदर्य को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं जैसे **रिसॉर्ट**, **बोटिंग**, **वाटर स्पोर्ट्स**, **ट्रैकिंग** और **कैंपिंग** के माध्यम से और भी आकर्षक बनाना है।
  - इस योजना से **स्थानीय स्तर पर रोज़गार सृजन** और आर्थिक विकास को मज़बूती मिलेगी।
  - सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इन परियोजनाओं के लिये तकनीकी सहायता और आवश्यक अनुमतियाँ देगा, साथ ही बाँधों की **सुरक्षा** और **संरचना** को सुरक्षित रखने के मानकों का पालन सुनिश्चित करेगा।
  - **जल क्रीड़ा** गतिविधियों के दौरान **पर्यावरण और सुरक्षा मानकों** का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इको टूरिज्म

- **परिचय**
  - **इको टूरिज्म** पर्यटन का एक ऐसा रूप है, जो **पर्यावरण के अनुकूल**, **सतत** और प्राकृतिक क्षेत्रों पर केंद्रित होता है। इसमें **प्राकृतिक क्षेत्रों** जैसे राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों, वर्षावनों आदि का इस तरह से भ्रमण किया जाता है कि वहाँ की जैवविविधता और **संस्कृति** को कोई क्षति न पहुँचे।
- **उद्देश्य**
  - इसका उद्देश्य **संरक्षण प्रयासों** का समर्थन करते हुए, स्थानीय समुदायों को **आर्थिक लाभ** पहुँचाना और आगंतुकों को **प्रकृति के प्रति जागरूक** करना है।
- **इको टूरिज्म के प्रकार:**
  - **वन्यजीव पर्यटन:** राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में जानवरों का अवलोकन।
  - **वन पर्यटन:** वर्षावनों और पर्णपाती वनों की खोज।
  - **समुद्री पर्यटन:** समुद्री जीवों का निरीक्षण।
  - **सांस्कृतिक पर्यटन:** स्वदेशी समुदायों के रीति-रिवाजों को जानना।
  - **साहसिक पर्यटन:** ट्रैकिंग, पर्वतारोहण आदि पर्यावरणीय दृष्टि से सतत गतिविधियाँ।
- **इको टूरिज्म का वैश्विक परिप्रेक्ष्य:**
  - संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) ने इको टूरिज्म को सतत विकास के साधन के रूप में मान्यता दी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

कान्हा गौशाला

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के आगरा नगर निगम की **कान्हा गोशाला** में **दो मेगावाट** क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे यह प्रदेश की पहली ऐसी गोशाला बन जाएगी जो बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन और उपयोग करेगी।

मुख्य बिंदु

- **कान्हा गोशाला के बारे में:**
  - यह परियोजना नगर निगम द्वारा वर्ष 2025 तक हरित भविष्य के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए म्यूनिसिपल बॉण्ड योजना के तहत क्रियान्वित की जा रही है।
    - इससे न केवल गोशाला की ऊर्जा आवश्यकताएँ स्वच्छ स्रोत से पूरी होंगी, बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण को भी मज़बूती मिलेगी।
  - गोशाला में पहले से ही **100 सोलर स्ट्रीट लाइटें** लगी हुई हैं, जो स्वच्छ ऊर्जा का उदाहरण हैं।
  - गोशाला में **गोबर** से **गोकाष्ठ** बनाया जा रहा है, जिसका उपयोग **धार्मिक अनुष्ठानों** और **अंतिम संस्कार** में लकड़ी के विकल्प के रूप में किया जा रहा है। इससे वनों की कटाई को रोकने और **पर्यावरण संरक्षण** में मदद मिल रही है।
- **अवस्थिति**
  - गोशाला ऐसी भूमि पर स्थित है, जहाँ मिट्टी **बंजर** और भूजल **खारा** है। इसके बावजूद, यहाँ मियावाकी तकनीक द्वारा 5000 वर्ग मीटर क्षेत्र में घना जंगल विकसित किया गया है, जो जैवविविधता को बढ़ावा देता है और एक प्राकृतिक **ऑक्सीजन ज़ोन** के रूप में कार्य करता है।
  - यह गोशाला अब **ऊर्जा**, **हरियाली** और **नवाचार** का एक प्रमुख मॉडल बन चुकी है।

नगर निगम बॉण्ड

- यह वे ऋण उपकरण हैं, जो शहरी स्थानीय निकाय (ULBs) द्वारा बुनियादी ढाँचे और विकास परियोजनाओं के लिये निधि जुटाने के उद्देश्य से जारी किये जाते हैं।
- **लाभ:** सरकारी निधियों पर निर्भरता कम करना, वित्तीय स्वायत्तता बढ़ाना, निजी निवेश को आकर्षित करना और दीर्घकालिक शहरी वित्तपोषण को सक्षम बनाना।
- **चुनौतियाँ:** राज्य अनुदानों पर भारी निर्भरता (वित्त वर्ष 24 में राजस्व का 38%) के कारण कम निर्गम। पुणे, अहमदाबाद, सूरत, हैदराबाद और लखनऊ जैसे कुछ ही शहरों ने बॉण्ड जारी किये हैं।
- **व्यय पैटर्न** (वित्त वर्ष 2018-2025): नगरपालिकाओं द्वारा बॉण्ड के माध्यम से जुटाई गई अधिकांश धनराशि शहरी जल आपूर्ति और सीवरेज के लिये आवंटित की गई, इसके बाद नवीकरणीय ऊर्जा और नदी विकास का स्थान रहा।

मियावाकी वृक्षारोपण विधि:

- **मियावाकी पद्यति के प्रणेता जापानी वनस्पति वैज्ञानिक अकीरा मियावाकी (Akira Miyawaki)** हैं। इस **पद्यति से बहुत कम समय में जंगलों को घने जंगलों** में परिवर्तित किया जा सकता है।
- यह **कार्यविधि 1970 के दशक में विकसित की गई थी, जिसका मूल उद्देश्य भूमि के एक छोटे से टुकड़े के भीतर हरित आवरण** को सघन बनाना था।
- इस कार्यविधि में **पेड़ स्वयं अपना विकास करते हैं और तीन वर्ष के भीतर वे अपनी पूरी लंबाई तक बढ़ जाते हैं।**
  - **मियावाकी पद्धति में उपयोग किये जाने वाले पौधे ज़्यादातर आत्मनिर्भर होते हैं और उन्हें खाद एवं जल देने जैसे नियमित रख-रखाव** की **आवश्यकता नहीं** होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

ताजमहल संरक्षण प्रयास

चर्चा में क्यों?

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (NEERI) को **ताजमहल** पर **काँच उद्योगों के पर्यावरणीय प्रभाव** का आकलन करने का निर्देश दिया है।

मुख्य बिंदु

- **निर्देश के बारे में:**
  - **न्यायालय** ने NEERI को मूल्यांकन की समय-सीमा के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।
  - उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी एक विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया, जो प्रभावित उद्योगों का निरीक्षण कर प्रदूषण स्तर का मूल्यांकन कर अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
  - न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि काँच उद्योगों द्वारा प्रदूषण फैलाए जाने की पुष्टि होती है, तो इन इकाइयों को स्थानांतरित करने के आदेश देने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।
  - यह निर्देश ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन (TTZ) प्राधिकरण की पर्यावरणीय सुरक्षा व्यवस्था की **सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा की गई पूर्व आलोचनाओं के संदर्भ में दिया गया है।
- **ताज ट्रैपेज़ियम ज़ोन (TTZ):**
  - यह ताजमहल को प्रदूषण से बचाने के लिये उसके चारों ओर 10,400 वर्ग किमी का निर्धारित क्षेत्र है।
  - TTZ में तीन विश्व धरोहर स्थल (**ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी**) सहित कई स्मारक शामिल हैं। इसका नाम इसके समलंब चतुर्भुज आकार के कारण रखा गया है।
  - इस ज़ोन के तहत **प्रदूषण के स्तर के आधार पर उद्योगों को लाल, नारंगी, हरी और सफेद श्रेणियों** में वर्गीकृत किया गया है।
  - TTZ ढाँचा प्रदूषण नियंत्रण, वायु गुणवत्ता निगरानी और ताजमहल की पर्यावरणीय अक्षुण्णता के दीर्घकालिक संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
- **ताजमहल के बारे में:**
  - **निर्माण:**
    - ताजमहल का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहाँ ने अपनी पत्नी **मुमताज महल** की याद में कराया था। **उस्ताद अहमद लाहौरी** को इसका मुख्य वास्तुकार माना जाता है।
    - इसका निर्माण 1632 ई. में शुरू हुआ और 1648 ई. में पूरा हुआ। इसे मुगल साम्राज्य, मध्य एशिया और ईरान के कारीगरों द्वारा बनाया गया था।
  - **अवस्थिति और संरचना:**
    - ताजमहल उत्तर प्रदेश के आगरा में यमुना के दाहिने किनारे पर स्थित है। यह **17 हेक्टेयर के मुगल उद्यान** के अंदर स्थित है जिसमें चार उपविभाजित क्वार्टरों के साथ **तिमुरिद-फारसी** चारबाग शैली का अनुसरण किया गया है।
    - यह ईंट-चूने के गारे, लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर (मुख्य संरचना के लिये **मकराना (राजस्थान) से उत्खनित**) से निर्मित है।
    - इसमें जेड, क्रिस्टल, फिरोज़ा, लैपिस लाजुली आदि रत्नों का उपयोग करके व्यापक जड़ाई कार्य किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- मकबरा कक्ष **अष्टकोणीय** है जिसमें चार अतिरिक्त कोने वाले कमरे और एक केंद्रीय स्थल है जिसमें **मुमताज महल और शाहजहाँ** की समाधि है। मुगल परंपरा के अनुसार वास्तविक कब्रें निचले तहखाने में हैं।
- मकबरे की संरचना **वर्गाकार आकृति** की है, जिससे इसमें आठ भुजाएँ बनती हैं तथा गहरे मेहराब बने होते हैं।

◆ यूनेस्को विश्व धरोहर मान्यता:

- वर्ष 1983 में ताजमहल को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची में शामिल किया तथा इसे मानव रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्ट कृति के रूप में मान्यता दी।
  - यह विश्व के प्रसिद्ध सात आश्चर्यों में से एक है।

◆ **संरक्षण और प्रबंधन:**

- ताजमहल को वर्ष 1920 में राष्ट्रीय महत्त्व का केंद्रीय संरक्षित स्मारक घोषित किया गया था।
  - इसका प्रबंधन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा किया जाता है। यह **प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 और 1959 नियमों** के तहत संरक्षित है और TTZ के तहत संलग्न है।

राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI)

- वर्ष 1958 में नागपुर में स्थापित NEERI, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के अंतर्गत एक **प्रमुख अनुसंधान संस्थान** है, जो **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है।
  - ◆ यह अनुसंधान एवं विकास, नीति विकास और प्रौद्योगिकी नवाचार के माध्यम से पर्यावरण प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत् विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- नागपुर में मुख्यालय वाली NEERI चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में पाँच क्षेत्रीय प्रयोगशालाएँ संचालित करती है।

हरित नगर निगम बॉण्ड

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत देश के पहले प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के जरिये स्थायी जल प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभाई है।

मुख्य बिंदु

- **ग्रीन बॉण्ड के बारे में:**
  - ◆ ग्रीन बॉण्डऋण प्राप्ति का एक साधन है जिसके माध्यम से **ग्रीन परियोजनाओं** के लिये धन जुटाया जाता है, यह मुख्यत: नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, स्थायी जल प्रबंधन आदि से संबंधित होता है।
    - बॉण्ड जो कि आय का एक निश्चित साधन होता है, एक निवेशक द्वारा उधारकर्त्ता (आमतौर पर कॉर्पोरेट या सरकारी) को दिये गए ऋण का प्रतिनिधित्व करता है।
    - पारंपरिकबॉण्ड (ग्रीन बॉण्ड के अलावा अन्य बॉण्ड) द्वारा निवेशकों को एक निश्चित ब्याज दर (कूपन) का भुगतान किया जाता है।
  - ◆ ग्रीन बॉण्ड जारीकर्त्ता की प्रतिष्ठा को बढ़ाते हैं, क्योंकि यह सतत् विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने में सहायक है।
- **गाज़ियाबाद नगर निगम की भूमिका:**
  - ◆ गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा बॉण्ड के ज़रिये 150 करोड़ रुपए की राशि एकत्र की गई, जिसे अत्याधुनिक **तृतीयक मल-जल शोधन संयंत्र (TSTP)** के निर्माण में निवेश किया गया है। यह संयंत्र अपशिष्ट जल को उन्नत तकनीकों से उपचारित कर औद्योगिक उपयोग के लिये पुन: प्रयोग योग्य बनाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- परियोजना सार्वजनिक-निजी हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (PPP-HAM) मॉडल पर आधारित है, जिसमें 40% निवेश गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा किया गया।
- इस ग्रीन बॉण्ड की सफलता ने निवेशकों का विश्वास बढाया है और **शहरी स्थानीय निकायों (ULBs)** में वित्तीय अनुशासन का उदाहरण पेश किया है।
- गाजियाबाद को **वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवाड्र्स 2024-25** में सर्वश्रेष्ठ म्यूनिसिपल ट्रीटेड वाटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी

- **परिचय:**
  - शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, स्वच्छता और उचित अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिये एक राष्ट्रीय अभियान के रूप में **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी** (SBM-U) शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य **पूरे भारत के शहरों और कस्बों को स्वच्छ एवं खुले में शौच से मुक्त बनाना** है।
- **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 1.0:**
  - SBM-U का पहला चरण **शौचालयों तक पहुँच प्रदान करके और व्यवहार में परिवर्तन को बढ़ावा देकर शहरी भारत को खुले में शौच मुक्त बनाने के लक्ष्य को** प्राप्त करने पर केंद्रित था।
  - SBM-U 1.0 अपने **लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा और 100% शहरी भारत को ODF घोषित** किया गया।
- **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 (2021-2026):**
  - वर्ष 2021-22 के बजट में घोषित SBM-U 2.0, इसी योजना के पहले चरण की निरंतरता है।
  - इसके **दूसरे चरण का लक्ष्य ODF के लक्ष्यों के साथ ही ODF+ और ODF++ के लक्ष्य की ओर अग्रसर होना है तथा शहरी भारत को कचरा-मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित** करना है।
  - इसमें स्थायी स्वच्छता प्रथाओं, अपशिष्ट प्रबंधन और एक चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश चमड़ा और फुटवियर नीति-2025

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **चमड़ा और फुटवियर नीति-2025** का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे जल्द ही मंज़ूरी मिलने की संभावना है।

मुख्य बिंदु

- **नीति के बारे में:**
  - **उद्देश्य**
    - **उत्पादन क्षमता** में वृद्धि करना।
    - **निर्यात** को प्रोत्साहित करना और वैश्विक ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना।
    - राजस्व में वृद्धि कर राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना।
    - उत्तर प्रदेश को "**उद्यम प्रदेश**" बनाने के दृष्टिकोण को साकार करना।
  - **रणनीतिक पहल**
    - **कानपुर** को इस क्षेत्रीय विकास रणनीति में **केंद्रीय भूमिका** दी जाएगी।
    - **इससे आगरा, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ** और **बरेली** जैसे शहरों में क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- निजी औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा
  - निजी निवेशकों को **पूंजीगत सब्सिडी** और **100 प्रतिशत स्टांप शुल्क छूट** जैसे प्रोत्साहन।
  - सभी पार्कों को **5 वर्षों** में विकसित करना अनिवार्य।
  - कम-से-कम **25 प्रतिशत भूमि** को हरित एवं खुले क्षेत्र के लिये आरक्षित करना होगा।
  - प्रत्येक इकाई (संयंत्र, क्लस्टर या पार्क) को **₹150-200 करोड़** का न्यूनतम निवेश करना होगा।
  - एक इकाई से **1,000 से 3,000** रोज़गार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है।
- **उत्तर प्रदेश की वर्तमान स्थिति**
  - भारत से निर्यात होने वाले कुल चमड़े में **46 प्रतिशत** हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की है।
  - **आगरा** को **फुटवियर राजधानी** और **कानपुर** को **सुरक्षा जूतों और चमड़े के सामान का वैश्विक केंद्र** माना जाता है।
- **महत्त्व:**
  - यह नीति उत्तर प्रदेश को "**मेक इन इंडिया**" और "**लोकल टू ग्लोबल**" पहल के अनुरूप एक **औद्योगिक हब** के रूप में उभरने में मदद करेगी।

मेक इन इंडिया

परिचय:

- **वर्ष 2014** में लॉन्च किये गए **मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य** देश को एक अग्रणी वैश्विक **विनिर्माण और निवेश गंतव्य** में बदलना है।
- इस अभियान को **निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने,** बौद्धिक संपदा की रक्षा करने तथा सर्वश्रेष्ठ विनिर्माण बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने के लिये शुरू किया गया था।
  - **लक्ष्य:**
    - विनिर्माण क्षेत्र की संवृद्धि दर को **बढ़ाकर 12-14% प्रतिवर्ष करना।**
    - **वर्ष 2022 तक** (संशोधित तिथि 2025) **विनिर्माण से संबंधित 100 मिलियन अतिरिक्त रोज़गार** सृजित करना।
    - **वर्ष 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योग**दान बढ़ाकर 25% करना।

भारत-नेपाल सीमा पर अतिक्रमण

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने 25 से 27 अप्रैल, 2025 के बीच **भारत-नेपाल सीमा** से लगे ज़िलों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया।

मुख्य बिंदु

- **अभियान के बारे में:**
  - इस अभियान का उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाना और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।
  - इस अभियान के तहत सीमा से 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में मौजूद अवैध ढाँचों को चिह्नित कर हटाया गया।
  - सरकार ने गैर-मान्यता प्राप्त **मदरसों, मस्जिदों और अन्य धार्मिक संरचनाओं** के खिलाफ कार्रवाई की।
- **प्रभावित ज़िले**
  - यह अभियान **नेपाल सीमा** से लगे **लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बहराइच, बलरामपुर और पीलीभीत** ज़िलों में सक्रिय रूप से संचालित हुआ।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

अतिक्रमण

- अतिक्रमण का आशय **किसी और की संपत्ति का अनधिकृत उपयोग** अथवा कब्ज़ा करने से है। सामान्यत: परित्यक्त अथवा अप्रयुक्त संपत्तियों के रखरखाव में सक्रिय रूप से शामिल नहीं होने की स्थिति में संपत्ति स्वामी की संपत्ति पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। **संपत्ति के स्वामियों** को ऐसे मामलों से संबंधित **विधिक प्रक्रिया** और अपने अधिकारों **के बारे में जागरूक होना अत्यावश्यक है।**
- शहरी अतिक्रमण का तात्पर्य शहरी क्षेत्रों में भूमि अथवा संपत्ति के **अनधिकृत कब्ज़े** अथवा उपयोग से है।
- इसमें उचित अनुमति अथवा कानूनी अधिकारों के बिना **संपत्ति पर अवैध निर्माण, कब्ज़ा अथवा किसी अन्य प्रकार का कब्ज़ा** शामिल हो सकता है।



✦ ✦ ✦ ✦

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME